संक्षिप्त

रक्तदान शिविर आयोजित

सीकर । स्मृति शेष ललिता बबली के प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान सिविल आयोजित किया गया
शिविर में 151 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। ललिता बबली की बहन सुमन सारण नर्सिंग अधिकारी व राजकुमार बिरख द्वारा पिपराली में शिविर आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाता "नरेंद्र दीनारपुरा, सुशीला भूकर पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, ओमप्रकाश मूंड, ताराचंद भूकर, आशु गढ़वाल, सीबीओ पिपराली अशोक मूंड, शिक्षाविद् बीरबल आर्य, ताराचंद घायल, विजयपाल खीचड़, कामरेड जयप्रकाश पूनिया, अनिल धिंवा, सुनील खुद, संतोष मूंड, आदि ने अपना योगदान देकर रक्तदान शिविर को सफल बनाया। अंत में परमेश्वर बिरख (बाबूजी) द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में 29 को

रतनगढ़,(निसं)।समाचार जगत इस बार जिला स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 आगामी 29 दिसम्बर रविवार को रतनगढ़ में रतनगढ़ इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के जिला सचिव गौरीशंकर खडोलियाव रतनगढ़ इकाई अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर सम्मानित होने वाली प्रतिभाएं अपनी अंक तालिका आगामी 30 नवम्बर 2024 से पूर्व अवश्य जमा करवा दें। अंकतालिका के पीछे अपना नाम, पता, मो. नम्बर, व प्रतिशत अवश्य रुप से लिख कर जमा करवाएं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाली अंकतालिकाओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

कारागृह का किया निरीक्षण

सीकर । संभागीय आयुक्त सीकर वंदना सिंघवी ने शुक्रवार को जिला कारागृह (शिवसिंहपुरा) सीकर का आकस्मिक निरीक्षणं किया। निरीक्षण के दौरान कारागृह मे सफाई व्यवस्था एवं रसोई घर, बंदियों के भोजन की गुणवता, जैल डिस्पेंसरी, पुस्तकालय, कैन्टीन, वी.सी. रूम, बंदियों से मुलाकात कक्ष, बंदी बैरक, बंदी वार्ड, महिला बंदी वार्ड एवं निरुद्ध बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।संभागीय आयुक्त सिंघवी ने निरीक्षण के बाद जिला कारागृह अधीक्षक को निर्देशित किया की कारागृह की सुरक्षा व्यवस्था का पूरा-पुरा ध्यान रखें तथा बैरक नम्बर 6 व 7 के कोट यार्ड बनवाये जावे एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला कारागृह में सीसीटीवी कैमरों का तुरंत प्रभाव से विस्तार किया जावे।

यश्विनी ने जीता गोल्ड मैडल

डूंडलोद ।चौधरी डिफेंस एकेडमी चिड़ावा में 18 से 20 नवंबर तक आयोजित 51वीं जूनियर स्टेट ओपन वॉलीबॉल चैंपियनशिप में झुंझुनूं जिले की ओर से खेलते हुए डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद की छात्रा यश्विनी चौधरी ने गोल्ड मैडल जीता। विद्यालय की वॉलीबॉल कोच अंजली धायल ने बताया कि 20 अक्टूबर को झुंझुनूं जिले की जूनियर वॉलीबॉल टीम के लिए ट्रायल हुआ था। उसमें यश्विनी चौधरी का टीम में चयन हुआ था। जूनियर स्टेट ओपल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में झुंझुनूं ने हनुमानगढ़ को 3-2 से पराजित कर गोल्ड मैडल अपने नाम किया था। प्राचार्य जी. प्रकाश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रा यश्विनी चौधरी ने सितंबर माह में संपन्न हुई 68वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के छात्रा वर्ग में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीता था। हम आशा करते है कि यश्विनी निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर देश का नाम रोशन करें।

योग शिविर का शुभारंभ हुआ

झुंझुनूं । कृष्णा देवी स्मृति सेवा संस्थान झुंझुनू द्वारा पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार सुबह पेंशनर समाज कल्याण भवन झुंझुनूं में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार, संस्थान के निदेशक डॉ. संपत्त बारूपाल, योग शिक्षक एनआर धूपिया एवं पूर्व प्रधान विमला बेनीवाल ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। सेवा संस्थान के निदेशक डॉ. संपत्त बारूपाल ने बताया कि पांच दिवसीय योग शिविर के प्रथम दिन योग शिक्षक पवन कुमार ने उपस्थित योग साधकों को विभिन्न आसन एवं प्राणायाम द्वारा मोटापा, मधुमेह, कमर दर्द, घुटने का दर्द, साईटीका एवं तनाव को दूर करने के बारे में विस्तार से बताया।

बी.डी.ओ. द्वारा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित

- दोषियों के विरुद्ध करें कार्यवाही : आर्य
- बैठक करवाए बगैर ही प्रस्ताव भिजवाने के प्रकरण में विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए

जिला प्रमुख वंदना आर्य की अध्यक्षता में जिला परिषद साधारण सभा की बैठक हुई।

चूरू, (कासं.)। जिला प्रमुख वंदना आर्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला परिषद साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सांसद राहुल कस्वां, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न जन समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया। यहां जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि अधिकारी अपने विभागों के कार्यों में अनियमिताओं से बचें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। आर्य ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षा को समझते हुए आमजन को योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों का समुचित लाभ मिले। इसके लिए अधिकारी, कर्मचारी अपनी प्रतिबद्धता दिखाएं तथा धरातल पर विभिन्न समस्याओं का संवेदनशीलता एवं त्वरितता से निस्तारण करें। आमजन किसी भी प्रकार से समस्याओं को लेकर एवं उनके निस्तारण को लेकर निराश ना हो। हमारा प्रयास रहे कि आमजन समस्याओं के निस्तारण से संतुष्ट हो और अपना सकारात्मक फीडबैक जनप्रतिनिधियों को दें। इससे शासन-प्रशासन की उत्पादकता में वृद्धि होगी और सुविधाओं का समुचित लाभ आमजन को मिल पाएगा। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी अधिकारियों से कहा कि विभागीय गतिविधियों का नियमित एनालिसिस करें तथा साधारण सभा की बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पर त्वरित एवं समुचित कार्यवाही करते हुए अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अवैध परिवहन की मॉनेटरिंग की बैठक

नीमकाथाना । जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में अवैध आरा मशीनों पर मॉनिटरिंग एवं प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ियों के अवैध परिवहन की मॉनेटरिंग हेतु गठित कमेटी की बैठक अयोजित की गई। जिले में वैध एवं अवैध आरा मशीनों, लकड़ी के अवैध परिवहन, वन, पुलिस, राजस्व,उद्योग एवं विद्युत विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। कलक्टर ने निर्देश दिए कि लकड़ी का अवैध परिवहन करना पाया जाये तो संबंधित वाहन/वाहन मालिक के विरुद्ध पुलिस व वन विभाग समन्वय कर कार्यवाही करे। वन विभाग जिले में चल रही अवैध आरामशिनों की सूची उद्योग विभाग को उपलब्ध करवाये जिससे इनके लाइसेन्स निरस्तरीकरण की कार्यावाही की जा सके। कृषि भूमि/राजस्व भूमि पर खडे पेड़ों का यदि कोई अवैध कटान किया जाता है, तो राजस्व अधिकारी नियमानुसार कार्यवाही करें, बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के पेड़ों का कटान नहीं हो जिले में चोरी-छिपे अवैध आरा मशीनों के संचालन पाये जाने पर नियमों के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर व एसपी ने मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

- निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए

जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने मतगणना स्थल पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा ।

झुंझुनूं,(निसं)। झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव की मतगणना 23 नवंबर को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय स्थित सेठ मोतीलाल कॉलेज में शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी शुक्रवार को मतगणना स्थल पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, मीडियाकर्मियों की बैठक व्यवस्था, राउंडवार उद्घोषणा की व्यवस्था, अभ्यर्थियों के मतगणना एजेंट का प्रवेश एवं उनकी बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी व्यवस्था, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, पार्किंग, आगमन, निर्गमन, पेयजल, कैंटीन, सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।यह रहेगी प्रवेश व्यवस्थामतगणना में लगे अधिकारियों व कर्मचारीयों को गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जाएगा। वहीं अभ्यर्थियों व एजेंट को गेट नंबर 3 से प्रवेश दिया जाएगा। एएसपी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज के 100 मीटर की अवधि में नो-व्हीकल जॉन होगा। जिसमें किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

अहिंसा सर्किल से रानी शक्ति मंदिर रोड से चूणा चौक तक वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। रानी शक्ति मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी व मतगणना एजेंट अपने वाहन की पार्किंग मोतीलाल पीजी कॉलेज के दक्षिण पूर्व दिशा में स्थित मैदान में पार्किंग कर सकते हैं, वहीं मतगणना में नियुक्त कार्मिकों के वाहनों की पार्किंग मोतीलाल स्टेडियम में पश्चिम दिशा में होगी। मंडावा, मलसीसर, चूरू, सीकर से आने वाले वाहन पीपली चौक होते हुए अहिंसा सर्किल तक आ सकते हैं। वहीं गुढ़ा, उदयपुरवाटी, पिलानी, चिड़ावा, बगड़ व मंड्रेला की तरफ से आने वाले वाहन अग्रसेन सर्किल से मंड्रेला बायपास होते हुए अहिंसा सर्किल तक आ सकते हैं।

सार-समाचार

भैंस,गाय चोरी के आरोपिया को किया गिरफ्तार

पाटन । स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए भैंस चोरी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 24 अक्टूबर को महेश मीणा निवासी न्यौराणा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सन्तोष व उसके दो पुत्र कानाराम, दिनेश मीणा व महीपाल मेहरा ने मिलकर हमारी भैंस व गाय चोरी कर ले गए।मामले में कार्रवाई करते हुए संतोष पत्नी सुवालाल को न्यौराणा से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में सीकर जेल भेज दिया गया।मामले में पूर्व में दो आरोपी महिपाल व कानाराम उर्फ नरेश निवासी न्यौराणा को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है इस प्रकरण में भराला के दर्जनों लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश मीणा किशोरपुरा से गुहार लगाई थी की पशु चोरी में पाटन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है, इस पर सुरेश मीणा ने पाटन पुलिस को अल्टीमेटम देते हुए कहा था की 7 दिन में या तो पाटन पुलिस आरोपियों को गिरफतार कर कार्यवाही करें अन्यथा पुलिस थाने के सामने आंदोलन किया जाएगा। इस पर पाटन पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया है।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू रविन्द्र कुमार जिला एवं सैशन न्यायाधीश चूरू व ताल्लुका विधिक सेवा समिति राजगढ के अध्यक्ष दीपक पाराशर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या-01 के निर्देशानुसार आखातीज और पीपल पूर्णिमा पर होने वाली शादियों में बाल विवाह रोकथाम हेतु, तालुका विधिक सेवा समिति राजगढ के तत्वावधान में राजकीय बालिका सस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय राजगढ में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शुक्रवार को दोपहर दो बजे दी जानकारी में बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलवाई गई। जिसके माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में अधिवक्ता प्रीतम शर्मा ने जानकारी देते हुए बाल विवाह को रोकने हेतु कार्यरत मशीनरी के बारे में भी विस्तार से बताया तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कार्याकारी प्रधानाचार्य जयसिंह झाझडियां, शिक्षिका रेशमा, सुमित्रा, सुमन, प्रमिला, अनिता व शिक्षक सुरेश मान, विद्यार्थीगण एवं तालुका सचिव नितेश सैनी आदि मौजूद थे।

मतगणना पर सुरक्षा होगी चाक चौबंद

झुंझुनूं । झुंझुनूं उप चुनावों का परिणाम शनिवार को आएगा। मतगणना से पहले, मतगणना के दौरान और मतगणना के बाद कानून व्यवस्था को बनाने के लिए पुलिसकर्मी तैनात होंगे। जिनको शुक्रवार को एसपी शरद चौधरी, एएसपी देवेंद्र सिंह तथा एएसपी फूल सिंह मीणा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने संबोधित किया। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि मतगणना स्थल पर मतगणना में लगे कार्मिक सुबह साढ़े छह बजे से पहुंचेंगे। पुलिस की टीमें इससे भी एक घंटे पहले सुबह साढ़े पांच बजे पहुंच जाएगी और सुरक्षा व कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल लेगी। उन्होंने बताया कि आरएसी की तीन कंपनियों, होम गार्ड और झुंझुनूं पुलिस के 600 से अधिक जवान मोतीलाल कॉलेज तथा कॉलेज के बार सुरक्षा व कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा शहर में ट्रेफिक व्यवस्था के लिए भी अलग से टीमें लगाई गई है। इन पुलिसकर्मियों की मॉनेटरिंग के लिए तीन एएसपी स्तर, पांच डीवाईएसपी स्तर, नौ सीआई तथा 16 एसआई स्तर के पुलिस अधिकारी भी लगाए है। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान और बाद में कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस मुस्तैद रहेगी।

180 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित

रतनगढ़, (निसं)। क्षेत्र की प्रमुख सेवा संस्था देवकिशन स्मृति सेवा समिति , द्वारा आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राजलदेसर,ग्राम छोटडिया तथा ग्राम मेलूसर मे 180 चयनित विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए।राजलदेसर मे आयोजित मुख्य कार्यक्रम समिति के वरिष्ठ संरक्षक हेमचंद सिपानी व भरत कोठारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी , उपाध्यक्ष सीताराम जांगिड़ व राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने समिति के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत करवाया व बताया कि समिति सेवाओं का लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रयास रत है । कार्यक्रम को राजलदेसर युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच ने भी संबोधित किया । विद्यालय में अध्यनरत समस्त 78 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। संस्था प्रधान प्रकाश जाट ने समिति का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर समिति के नरोत्तम लाल सोनी,राम रतन प्रजापति, शिक्षक सत्यनारायण टेलर सहित कई लोग उपस्थित थे।राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छोटडिया व मेलूसर में आयोजित कार्यक्रमों में भी 102 छात्र छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए गये। संस्था प्रधानों ने अनुकरणीय सेवा के लिए समिति सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रमों में शालाओं के स्टाफ के अतिरिक्त अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

देंगे एक माह का निःशुल्क प्रशिक्षण

चूरू, (कासं.)। युक्ति संस्थान चूरू एवं अणुव्रत समिति चूरू के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, कढ़ाई, कुकिंग का एक माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान की सचिव राजकौर राहड़ ने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थापित प्रशिक्षण केंद्र में 1 दिसंबर से कक्षाएं शुरू हो जाएगी। रचना कोठारी ने बताया कि केंद्र में प्रशिक्षित प्रशिक्षक प्रशिक्षण देंगे। केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं के स्वरोजगार के लिए युक्ति संस्थान एवं अणुव्रत समिति की ओर से संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान काम में आने वाली सारी सामग्री केंद्र पर ही उपलब्ध रहेगी। इच्छुक महिलाओं को रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करवाना होगा।

सहायता शिविर की पूर्व तैयारी के संबंध में बैठक

पाटन। जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्वर्घुमन्तु सहायता के लिए लगने वाले शिविरों की पूर्व तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने बताया की राज्य सरकार द्वारा घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु) को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने एवं उन्हें आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र घुमन्तु जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि उपलब्ध करवाये जाने है एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आवास हेतु निःशुल्क भूमि आवंटित की जानी है। इस हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार 27 नवंबर से 15 दिसंबर तक विमुक्त घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु सहायता शिविर लगाये जाने है। जिला कलक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए की नीमकाथाना जिले में भी प्रत्येक पंचायत समिति, नगर पालिका व नगर परिषद् वार निर्धारित तिथि के अनुसार शिविरों को आयोजन करवायें तथा शिवरों के आयोजन से पहले ग्राम विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत वार विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्वर्घुमन्तु लोगों का सर्वे करवाये तथा इन को लगने वाले शिवरों की जानकारी देने हेतु ग्राम विकास अधिकारी को पाबंद करे। ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीओं शिविर प्रभारी अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी होगें।

शहरी क्षेत्र में एसडीओं शिविर प्रभारी अधिकारी तथा अधिशाषी अधिकारी/ कमिश्नर सहायक प्रभारी अधिकारी होगें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, समन्वयक अधिकारी होगें। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए की जिले में लगने वाले शिवरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे ताकि अधिक से अधिक लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भागीरथ शाख, एसडीएम सुमन सोनल उदयपुरवाटी एसडीएम अनिल कुमार श्रीमाधोपुर, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी अनिता वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनय गहलोत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बैठक

झुंझुनूं। मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बैठक श्री संकट मोचन मंदिर फौज का मोहल्ले में मातृशक्ति जिला सह संयोजिका संजू कंवर के सानिध्य एवं सावित्री सैनी व ममता शर्मा की अध्यक्षता एवं जयपुर प्रांत मातृशक्ति सह संयोजिका विनिता मालावत के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। विनिता मालावत ने अपने उद्बोधन में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सामाजिक समरसता पर ज्यादा जोर देते हुए साप्ताहिक सत्संग एवं दुर्गावाहिनी को साप्ताहिक मिलन केंद्र के माध्यम के सभी को एकजुट रहकर समाज को हिन्दू धर्म के बारे बताना तथा खत्म होती हुई हिंदू संस्कृति को जीवित करने के लिए सत्संग एवं मिलन केंद्र के माध्यम से उन्हें प्रेरित करना। वर्तमान समय को देखते हुए सभी को आत्मरक्षा के लिए तलवार चलाना, नियुद्ध, संस्कार, लव जिहाद, धर्मांतरण आदि विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी और दुष्टों का सामना निडर होकर करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्याधर नगर संयोजिका खुशी , मोनिका जांगिड़, अंजू कंवर संयोजक अशोक उपस्थित हुए।

ग्रामवासी पीने के पानी के लिए मोहताज

- बिनादेसर में ठेकेदार की लापरवाही के चलते हैं ग्राम वासियों को पीने के पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है

राजलदेसर , (निसं)। राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बिनादेसर में जल जीवन मिशन योजना के तहत बिनादेसर के ग्रामवासियो को 2023 तक पीने का पानी हर-घर -घर कनेक्शन के तहत पानी मिलना था लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते अभी तक ग्रामवासी पीने के पानी के लिए मोहताज हो रहें है गांव के प्रमुख सरपंच प्रतिनिधि मनोज सारस्वत ने बताया टंकी का निर्माण हो चुका है लेकिन कनेक्शन अभी नहीं जोड़े गए हैं साथ ही जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर कनेक्शन के तहत अभी तक अनेकों घरों के अंदर कनेक्शन नहीं किए गए हैं जिसके कारण वर्तमान में सर्दी का मौसम है लेकिन ग्राम वासियों को पीने के पानी के लिए मोहताज़ आज होना पड़ रहा है ।

साथ ही अपने निजी संसाधनों के माध्यम से 500 रूपये टंकी के देकर डलवाने पड़ते हैं जिससे उनका आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है । उन्होंने कहा विभाग के उच्च अधिकारी लगातार निरीक्षण करने के लिए आते हैं लेकिन ठेकेदार भ्रष्ट होने के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है साथ ही कुछ महीनो पहले चूरू जिला प्रभारी भास्कर ए सावंत एवं जिला कलेक्टर ने भी पीने के पानी को लेकर ग्राम पंचायत के लोगों के साथ मीटिंग भी की उन्होंने संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को पाबंद किया अधिकारियों ने कहा अगस्त माह तक पीने का पानी सभी घरों में पहुंच जाएगा । लेकिन दिसंबर का महीना शुरू होने वाला है अभी तक पीने का पानी ग्राम वासियों को नहीं मिल रहा है जिससे उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है वही जलदाय विभाग के चूरू के उच्च अधिकारी राम मूर्ति चौधरी का कहना है दो दिनों के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा अति शीघ्र ग्राम वासियों को पीने का पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

किसानों को जागरूक करने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से गोष्ठी आयोजित

किसान गोष्ठी का आयोजन किया ।

सीकर ,(निसं)। पंजाब नेशनल बैंक की बीदासर और खिरवा शाखाओं ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें बीदासर, खिरवा, पुनिया का बास, बिडोदी बड़ी, डुडवा, खेड़ी राडान, खींवसर और आस-पास के गांवों के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह गोष्ठी किसानों को जागरूक करने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पंजाब नेशनल बैंक जयपुर-सीकर मंडल प्रमुख सुधांशु भूषण ने किसानों को बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे फार्म पॉंड, पीएम कुसुम योजना, पॉली हाउस योजना, भू योजना और अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को अपनी आय बढ़ाने और समृद्धि प्राप्त करने के अनूठे उपाय भी सुझाए।गोष्ठी का मंच संचालन शेखावाटी के प्रसिद्ध हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप गोदारा सरपंच, बीदासर, ओमप्रकाश मील वरिष्ठ अध्यापक, लालचंद , नेमीचंद बिजारणियां (पूर्व सरपंच), वैद्य रामानंद स्वामी और प्रभु लाल मंचासीन रहे।बीदासर शाखा के प्रबंधक संदीप कुमार दायमा ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। खिरवा शाखा की प्रबंधक पेमल आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कृषि प्रबंधक सुदेश पुनिया ने किसानों को कृषि ऋण योजनाओं जैसे फार्म पोंड, भूमि खरीदी योजना, कृषक साथी स्कीम, डेरी केसीसी, तत्काल कृषि ऋण, किसान गोल्ड स्कीम, सोलर रूफटॉप और प्याज भंडारण योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट्स, वेयरहाउस और पैकेजिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए सब्सिडी और ऋण प्रावधानों पर भी चर्चा हुई।गोष्ठी में लगभग 300 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नितिन सैन, पंकज सैन, हरि राम सैन, कुमुद लाटा, चंद्र , दयाशंकर , जवाहर सिंह , ओमप्रकाश , प्रदीप चलका, सहीराम गोदारा, विजेंद्र, विकास, चुन्नी लाल प्राध्यापक, राजकीय विद्यालय बीदासर ने विशेष भूमिका निभाई।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में नेकी राम गोदारा, सरदार सिंह , रामेश्वर , धर्मपाल पूनिया, मनोज जांगिड़ विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, प्रदीप कृष्णा पब्लिक स्कूल, शायर सिंह , मंगल सिंह, बाबूलाल , बजरंग बिजला, सतपाल मुहाल, सोहन रॉयल रिद्धि सिद्धि धर्म कांटा, दीपेंद्र सिंह सहित 300 से अधिक ग्रामीण किसान शामिल थे। ऐसी पहल न केवल किसानों के आर्थिक विकास में सहायक होती हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता और समावेशन को भी बढ़ावा देती हैं। सभी ग्रामीण किसानों ने बैंक के अधिकारियों के इस कार्य के लिए प्रशंसा की और ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बैंक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्कूटी का बैलेंस बिगडने से दिव्यांग शिक्षिका की हुई मौत

- शिक्षिका की स्कूटी गाय को बचाने के चक्कर मे गिर जाने के कारण मौत

सादुलपुर, (निसं)। निकटवर्ती गांव खेमाणा में सरकारी स्कूल में तैनात एक दिव्यांग शिक्षिका की स्कूटी गाय को बचाने के चक्कर मे गिर जाने के कारण मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर तीन बजे दी जानकारी के अनुसार शिक्षिका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गाव खेमाणा में गत 10 वर्षों से तैनात थी तथा राजगढ से प्रतिदिन महिला विकलांग स्कूटी से आवागमन करती थी। थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि लालचंद पुत्र पूनमचन्द मोची उम्र 48 साल निवासी वार्ड नंबर 32 रामदेव जी मंदिर के पास राजगढ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेमाणा गांव में उसकी पत्नी कमला राठौड प्रबोधक लेवल प्रथम पर कार्यरत थी तथा दिव्यांग विकलांग महिला थी। उसकी पत्नी कमला राठौड रोजाना अपनी तीन पहिया स्कूटी पर स्कूल आवागमन करती थी। दर्ज मामले में बताया कि दिनांक 21 नवंबर 2024 को उसकी पत्नी की थोडी तबीयत खराब होने के कारण वह अपनी पत्नी को अपने वाहन स्कूटी एक्टिवा पर बैठाकर स्कूल छोडने जा रहा था। जैसे ही गांव खेमाणा में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करीब 50 मीटर दूरी पर थे तभी स्कूटी की आगे अचानक एक गौवंश आने से तथा सडक पर स्पीड ब्रेकर होने से स्कूटी का बैलेंस बिगड गया। जिसके कारण उसकी पत्नी कमला राठौड और वह स्कूटी सहित नीचे गिर गए जिसके कारण उसकी पत्नी कमला राठौड बेहोश हो गई।

मौजूद लोगों की मदद से निजी वाहन से राजकीय रेफरल अस्पताल राजगढ लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसकी पत्नी कमला राठौड को मृत घोषित कर दिया है। दर्ज मामले में बताया कि उसकी पत्नी कमला राठौड के सिर पर गुम चोट आने के कारण उसकी पत्नी कमला राठौड की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर राजगढ थाना पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा शुक्रवार दोपहर को मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।